जागो हे जगदम्बे जागो हे ज्वाला

जागो हे जगदम्बे जागो हे ज्वाला,
जागो हे दुर्गे माँ, जागो प्रित्पाला।
भगत जानो ने तेरे दर पे डेरा डाला,
जागो माँ जागो, माँ जागो॥

जागो तुम्हारे भगत तुमको जगाएं,
आवो माँ लाल तुम्हे रो रो बुलाएं।
ज्वाला है नाम तेरा, तेज है निराला,
जागो माँ जागो, माँ जागो॥

जागो दिलों के अन्धकार को मिटा दो,
भटके हुए को माँ रौशनी दिखा दो।
अपनी ही ज्योति का कर के उजाला,
जागो माँ जागो माँ जागो॥

सारा ज़माना हुआ ज्योत का दीवाना,
मैया हम चरणों में मांगे ठिकाना।
जिस पे तेरी नज़र मैया उसका बोलबाला,
जागो माँ जागो माँ जागो॥

शेर पे सवार माँ अष्ट भुजा वाली,
दुष्टों की काल मैया भक्तों की रखवाली।
नैयनो में तेज तेरे गले मुंडमाला,
जागो माँ जागो माँ जागो॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/551/title/jago-he-jagdamba-jago-he-jvala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |